# लाज हमारी रखने वाला साँवरिया ही है भजन लिरिक्स

लाज हमारी रखने वाला,
साँवरिया ही है,
जग ने हमको खूब रुलाया,
तू ही हँसाता है,
श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम।bd।

तर्ज – प्यार हमारा अमर।

---

हमने जिनको अपना समझा,
धोखा हमेशा ही खाया है,
हार के दिल के टूटे दुकड़े,
लेके शरण तेरी आया है,
हारे को जिताने वाला,
साँवरिया ही है,
लाज हमारी रखनें वाला,
साँवरिया ही है,
श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम।bd।

---

अपना पराया जान ना पाया,
सबका हमेशा साथ निभाया,
गैरों को भी अपना माना,
फिर भी दर दर ठोकर खाया,
पल पल साथ निभाने वाला,
साँवरिया ही है,
लाज हमारी रखनें वाला,
साँवरिया ही है,
श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम।bd।

---

तुमने दिया ये जीवन बाबा,
तू ही इसको रोज सजाना,
ऐसा कुछ कर दो मेरे बाबा,
याद रखें हमें सारा ज़माना,
'सुरेश' को अपनाने वाला,
साँवरिया ही है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लाज हमारी रखनें वाला,
साँवरिया ही है,
श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम।**bd**।

---

लाज हमारी रखने वाला,
साँवरिया ही है,
जग ने हमको खूब रुलाया,
तू ही हँसाता है,
श्याम मेरे श्याम,
मेरे श्याम।**bd**।

**Singer – Sachin Kedia & Poorva Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com